शादी समारोह में भाग लेने आए युवक की बाइक फूंकी

लंज में अज्ञात शरारती तत्वों ने दिया वारदात को अंजाम, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

हिमाचल दस्तक ▮ लंज

पुलिस थाना कांगड़ा के अंतर्गत लंज में शादी समारोह में भाग लेने आए युवकों की बाइक को अज्ञात शरारती तत्वों ने जला दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार लंज में शादी समारोह में भाग लेने आए लड़की के भाई के दोस्तों की बाइक को किसी ने रात करीब 10 बजे जला दिया। इसी बाइक के साथ खड़ी स्थानीय गांव के युवक अनूप कुमार की बाइक को भी किसी ने आग लगा दी। जिसके बाद कहासुनी का दौर शुरू हुआ, जो कि देर रात तक चलता रहा। सुबह जब लोगों ने देखा तो रात को जलाई गई बाइक वहां पर नहीं थी, जिसकी शिकायत अनूप कुमार ने लंज पुलिस चौकी में दर्ज करवाई है, जबकि रात 10 बजे जलाई गई बाइक के मालिक ने किसी प्रकार का कोई मामला दर्ज नहीं करवाया है। कांगड़ा पुलिस थाना प्रभारी विजय कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया मामला आया है, छानबीन जारी है।

चाकू मारने का आरोपी 5 दिन के रिमांड पर

जयसिंहपुर। पुलिस थाना लंबागांव के तहत जलेट पंचायत के युवक अश्वनी कुमार द्वारा अपनी ही पंचायत के निवासी रिशव कुमार को चाकू मारकर घायल करने के मामले में जयसिंहपुर कोर्ट ने अश्वनी कुमार को पांच दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है। मामला एक महीना पुराना है जब दोनों के बीच हुई कहासुनी में अश्वनी ने रिशव को चाकू मारा था। टांडा में उपचारधीन रिशव की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद वीरवार को लंबागांव पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। थाना प्रभारी जगदीश चंद ने अश्वनी कुमार की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि कोर्ट ने अश्वनी को 5 दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है ।

मोहटली गोलीकांड में मुख्य अरोपी का मामा रिवॉल्वर के साथ पकड़ा

हिमाचल दस्तक ▮ इंदौरा

▮ कोर्ट ने आरोपी को चार दिन के रिमांड पर भेजा

पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत 23 जुलाई को नेशनल हाईवे जम्मू पठानकोट मार्ग पर मोहटली गांव के पास कुछ अज्ञात हमलावरों द्वारा एक नौजवान विकास को गोली मारकर घायल कर दिया था और आरोपियों ने गुंडागर्दी कर दहशत का माहौल पैदा कर शिवा की दुकान पर तोड़फोड़ भी की थी जिसके चलते पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमों का भी गठन किया था। टीम की अगुआई एएसपी नूरपूर सुरेंद्र शर्मा खुद कर रहे थे, जिस पर उन्होंने मुख्य आरोपी अमित कुमार को पकड़ने में सफलता हासिल की थी। वहीं पुलिस टीम ने इस गोलीकांड के दूसरे आरोपी जो कि मुख्य आरोपी अमित का मामा था उसको बटाला पंजाब से रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया। एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया की पकड़े आरोपी को पुलिस ने फोन लोकेशन के आधार पर बटाला पंजाब गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजेश पुत्र लक्ष्मण गांव व डाकघर अर्जुन नगर छहरटा जिला अमृतसर के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने मंगलसूत्र चुराते हुई महिला को पकड़ा

नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां पुलिस ने वीरवार दो महिलाओं को हटवास की एक महिला का मंगलसूत्र चुराते पुलिस हिरासत में लिया है। महिलाओं की पहचान लाजो पत्नी नथू व राणो पत्नी लल्ला निवासी लुधियाना के रूप में कई गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हटवास की कांता देवी शुक्रवार को बस में चढ़ने लगी तो पीछे से महिला ने उसका मंगल सूत्र चुरा लिया। महिला ने बस में देखा कि उसके गले से मंगलसूत्र गायब है तो वह बस से उतर कर उस महिला के पीछे भागी और पुराने बस अड्डा पर दोनों महिलाओं को पकड़ लिया तो महिला ने मंगलसूत्र निकाल कर बाहर फेंक दिया। लोगों ने दोनों महिलाओं को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी अशोक राणा ने बताया कि पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार करके मामला दर्ज कर लिया है।

डीएलएड प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 17 अगस्त से

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड चेयरमैन डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने कहा कि बोर्ड द्वारा 2 वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेंटरी एजुकेशन सीईटी-2022 सत्र 2022-2024 के लिए सरकारी डाईट एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रक्रिया बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में 17 अगस्त 1 सितंबर तक प्रातः 10 बजे से आयोजित करवाई जा रही है। मेरिट सूची अनुसार 17 अगस्त से 1 सितंबर तक काउंसिलिंग प्रक्रिया हेतु चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। काउंसिलिंग में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपने साथ बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध बायोडाटा फॉर्म को भरकर तथा अपने समस्त मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य संबंधित प्रमाण पत्रों के साथ इन की सत्यापित छाया प्रतियां भी लाना सुनिश्चित करेंगे।

कोरोना के 117 मामले, 187 मरीज स्वस्थ

धर्मशाला। जिला कांगड़ा में शुक्रवार को कोरोना संक्रमित मरीजों के 117 नए मामले सामने आए हैं तथा 187 मरीज स्वस्थ हुए हैं। संक्रमित पाए गए लोगों में राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल घाड़ का 1 व नलसूहा स्कूल के 3 स्टूडेंट्स, टीएमसी का 1, जोनल अस्पताल धर्मशाला के 1 मामले सहित जिला के विभिन्न हिस्सों से कोरोना संक्रमित मरीजों के मामले सामने आए हैं। सीएमओ कांगड़ा डॉ. गुरदर्शन गुप्ता ने बताया कि जिला में अब तक 69261 मामले सामने आ चुके हैं, 67241 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं, वर्तमान में एक्टिव केस 755 हैं तथा 1258 मरीजों की मौत हो चुकी है।

एसओएस अनूपूरक परीक्षा के लिए पंजीकरण तिथि बढ़ाई

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षार्थी हित में राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत सितंबर 2022 में आयोजित करवाई जाने वाली आठवीं, दसवीं व 12वीं कक्षा की अनुपूरक परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण (प्रवेश) हेतु तिथि को 20 अगस्त तक बिना विलंब शुल्क सहित बढ़ा दिया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने कहा कि कोई भी प्रवेश पत्र ऑफलाइन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

पुलिस कर्मियों को रक्षाबंधन की बधाई दी

पालमपुर। भारत विकास परिषद की महिला सदस्यों ने पुलिस कर्मियों को राखी बांधी और उन्हें रक्षाबंधन की बधाई दी। पालमपुर शाखा की महिला एवं बाल विकास संयोजिका सुषमा ने बताया कि परिषद की महिला सदस्यों ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें पुलिस स्टेशन में सेवारत सभी पुलिस कर्मियों को राखी बंधी गई और उनके सुखमय भविष्य की कामना की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मी दिन-रात अपने कर्तव्य का पालन करते हुए मां भारती की पूजा करते हैं, वे अक्सर त्योहारों पर भी अपने परिजनों से दूर ड्यूटी दे रहे होते हैं। इसी भाव से प्रेरित होकर परिषद द्वारा उन्हें राखी बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान निशा दीक्षित, शशि बंटा, निशि वासुदेवा, पूनम शर्मा, लक्ष्मी मेहता, शिवानी सूद, पूनम अरोड़ा उपस्थित रहीं।

रोटरी क्लब ने पालमपुर स्कूल में किया पौधरोपण

पालमपुर। रोटरी क्लब पालमपुर ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (को-एजुकेशन) पालमपुर में पौधरोपण समारोह का आयोजन किया जिसमें प्रधानाचार्य संगीता शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में रोटरी क्लब के सदस्यों ने 60 सजावटी पौधे लगाए गए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संगीता शर्मा के कहा कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने और मानव जीवन को सुखी, समृद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए पौधरोपण का अपना विशेष महत्व है। इस अवसर पर अपने संबोधन में रोटरी क्लब के प्रधान विकास वासुदेवा ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में पौधे संजीवनी का कार्य करते हैं। इसलिए पर्यावरण को बचाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपने चाहिए।

हैप्पी बर्थ-डे

नंदेहड़ की अराध्या को जन्मदिन पर हिमाचल दस्तक की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

हैप्पी बर्थ-डे

धर्मशाला के शिवांश को जन्मदिन पर हिमाचल दस्तक की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

गोपालपुर में खुली यूको बैंक की नई शाखा

कार्यपालक निदेशक ने किया शुभारंभ, बेहतर सेवाओं का वादा दोहराया

हिमाचल दस्तक ▮ गोपालपुर

अग्रणी बैंकों में शुमार यूको बैंक की गोपालपुर में नई शाखा खुल गई है। बैंक के अफसरों ने यहां अपनी बेहतर सेवाओं का वादा दोहराया है। यूको बैंक की इस नई शाखा का शुभारंभ इशराक अली खान कार्यपालक निदेशक प्रधान कार्यालय कोलकाता द्वारा किया गया।

इस समारोह में कुसुम गुप्ता सहायक महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, अंचल कार्यालय धर्मशाला तेंजिन मुख्य प्रबंधक, अंचल कार्यालय, धर्मशाला गोपालपुर शाखा के शाखा प्रबंधक विक्रांत खनौरिया व साथ ही साथ गोपालपुर क्षेत्र के सम्मानीय ग्राहक एवं नजदीकी यूको बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक व सहायक शाखा प्रबंधक आदि भी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के दौरान इशराक अली खान ने बताया कि पिछले 79 वर्षों से यूको बैंक समाज के हर वर्ग के ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रहा है। हमारी अधिकांश शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इस वर्ष हमारी 200 नई शाखाओं को खोलने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यूको बैंक गोपालपुर शाखा खुलने से यहां के निवासियों को भी बैंक द्वारा दी जाने वाली विभिन्न ऋण योजनाओं का फायदा मिलेगा। ग्राहक अपनी जमा पूंजी को बैंक की जमा योजनाओं, बचत बैंक, आवर्ती जमा तथा सावधि जमा खाते में रखकर ब्याज कमा सकते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी लोन, फसल ऋण, मुद्रा ऋण, गृह निर्माण ऋण वाहन ऋण व्यवसाय ऋण गोल्ड लोन की सुविधा ग्राहकों को अब उनके घर द्वार ही मिलेगी। बैंक की शाखा में लॉकर की भी व्यवस्था की गई है ताकि लोग अपना कीमती समान, ज्वैलरी आदि को लॉकर में रखकर निश्चिन्त रहें। उन्होने ग्राहको से बैंक के साथ जुड़ने का अनुरोध किया।

गोपालपुर में यूको बैंक की नई शाखा के शुभारंभ अवसर पर बैंक अधिकारी व अन्य।

केंद्रीय विवि में यज्ञ का आयोजन

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि धर्मशाला के धौलाधार परिसर-1 में संस्कृत विभाग की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के संरक्षण में श्रावणी पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर यज्ञ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुमन शर्मा उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. बृहस्पति मिश्र ने भाग लिया। यज्ञ का आयोजन संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत विभाग में ही किया गया। यह यज्ञ विश्व शांति समृद्धि एवं उन्नति के लिए करवाया गया। विवि की सदा समृद्धि और उन्नति हो इस कामना से यज्ञ में आहुतियां डालीं गईं। यज्ञ के अंत में विभागाध्यक्ष की बेटियों दिव्याश्री तथा सौम्याश्री द्वारा घन पाठ किया गया। वस्तुतः वेदों में घनादि 8 विकृति पाठ बताए हैं इन विविध पाठों द्वारा वेद मंत्रों को नाना प्रकार से कंठस्थ करने के कारण वेद सृष्टि के आरंभ से आज तक यथावत सुरक्षित हैं संपूर्ण विश्व में ऐसी उच्चारण परंपरा ढूंढने से भी प्राप्त नहीं होती।

न्यूज 1 नजर में

कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

मारंडा। पनापर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत के पांचवें दिन शुक्रवार को भागवत कथा वाचक भवारना वाले पुरोहित संदीप शर्मा ने कृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का वर्णन किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार गोवर्धन पर्वत को उठाकर भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र देव के कोप से गोकुल वासियों की रक्षा की थी।

युवाओं से धोखा कर रही सरकार

बैजनाथ। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश सचिव रिशव पांडव ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा का एकमात्र स्टेडियम इंदिरा गांधी स्टेडियम जो बदहाली के आंसू बह रहा है। प्रदेश कांग्रेस सचिव रिशव पांडव ने कहा कि बहुत से युवा एवं युवतियां यहां अभ्यास करने के लिए आती है और परंतु इतनी दयनीय हालत आज तक इस स्टेडियम की कभी नहीं हुई जिसे बहुत से युवक एवं युवतियों में भारी रोष एवं गुस्सा है। खेलकूद के लिए पूरे विधानसभा में यह एकमात्र स्टेडियम है और उसको भी भाजपा सरकार ठीक कराने में असमर्थ रही है।

जखबड़ स्कूल बना चेस चैंपियन

देहरा। अंडर-14 लड़के लड़कियों के ब्लॉक लेवल की खेलों में राजकीय उच्च विद्यालय जखबड़ ने चेस में लिटिल एंजल स्कूल लोहारा को हराकर ब्लॉक लेवल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है। शुक्रवार को विद्यालय में पहुंचने पर विजेता टीम का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरदयाल सिंह, राखी शर्मा, अमरीक सिंह, नरेश कुमार एवं कमल आदि अध्यापक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यकारी मुख्य अध्यापक तरसेम लाल एवं शारीरिक शिक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि अब विद्यालय की टीम धर्मशाला में जिला स्तरीय खेलों में में भाग लेगी।

भाषण प्रतियोगिता में गौरव प्रथम

शाहपुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में प्रधानाचार्य इंजीनियर संजीव सहोत्रा की अध्यक्षता में 75वें स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में लड़के और लड़कियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य संजीव सहोत्रा ने बताया कि यहां दो इवेंट ड्राइंग कंपटीशन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें ड्राइंग कंपटीशन में दिव्या डोगरा प्रथम, विशाल दूसरे नंबर पर और विवेक बलौरिया तीसरे नंबर पर चयनित किए गए। वहीं, दूसरी ओर भाषण प्रतियोगिता में गौरव प्रथम, दिव्या डोगरा दूसरे नंबर पर और ऋषभ ठाकुर तीसरे नंबर पर चयनित किए गए। उधर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के समूह अनुदेशक मुकेश कौशल, नरेंद्र शर्मा, मनोज ठाकुर भी इस आयोजन में उपस्थित रहे।

राजपूत सभा फतेहपुर ने किया स्वागत

फतेहपुर। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह फतेहपुर में शुक्रवार को आखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का दल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में पहुंचा। यहां राजपूत सभा फतेहपुर ने उनका भव्य स्वागत किया। महासभा अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि 9 अगस्त से जम्मू से सभा ने तीसरी रथयात्रा यात्रा शुरू की थी। इस यात्रा का मुख्य उदेश्य सरकार से आर्थिक आधार पर आरक्षण, सामाजिक समरसता व क्षत्रिय महा पुरुषों के इतिहास का संरक्षण करवाना है। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज के इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है जो कि अति निंदनीय है।

सफाई अभिया चलाया

धर्मशाला। रक्कड़ पंचायत में आजादी के 75वें पावन अवसर पर राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल रक्कड़ में वेस्ट वॉरियर्स संस्था द्वारा स्कूल के बच्चों के साथ सफाई अभियान किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों के साथ अध्यापक गन ने भी बढ़-चढ़-कर हिस्सा लिया। सफाई अभियान में 10वीं से 12वीं के बच्चों ने स्कूल के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया और इसमें बच्चों द्वारा 50 टन कचरा एकत्रित किया गया।

डमटाल में क्रशर मालिकों को दिए प्रदूषण रोकने के निर्देश

हिमाचल दस्तक ▮ इंदौरा

▮ एआरटीओ ने कैंप लगाकर किया जागरूक

एआरटीओ डमटाल सतीश कुमार धीमान परिवहन बैरियर तोकी द्वारा क्रशर यूनियन डमटाल के क्रशर मालिकों के साथ विशेष बैठक कर उन्हें प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान डमटाल क्षेत्र के सभी क्रशर मालिकों ने शिरकत की।

एआरटीओ सतीश कुमार धीमान ने बताया कि क्रशर मालिक अपने वाहनों के प्रदूषण की जांच समय-समय पर करवाएं तथा प्रदूषण नियंत्रण में है उसका प्रमाण पत्र गाड़ी के साथ रखें। साथ ही उन्होंने गाड़ियों की मरम्मत समय पर करवा फिटनेस प्रमाण पत्र भी गाड़ी में रखें रेत, बजरी, मिट्टी ढककर ले जाने के निर्देश दिए। साथ ही गाड़ियों को ओवरलोड न करने के दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि एनजीटी ने डमटाल शहर को प्रदूषित शहर घोषित किया हुआ है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा था सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की हर संभव मदद करने को कहा है। इस अवसर पर यूनियन के प्रधान अशोक इंदौरिया, उपप्रधान हरशरण सिंह, विशाल चंबियाल, पवन भंदराल, अकाश कटोच, निर्मल सिंह, राजू ओबरॉय, गोल्डी लक्की ठाकुर आदि मौजूद रहे।

डीसी ने सब्जी मंडी के निर्माणाधीन कार्य का लिया जायजा

धर्मशाला। धर्मशाला की पासु सब्जी मंडी का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश कृषि मंडी उपज समिति के अधिकारियों को दिए गए हैं। इस बाबत उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने शुक्रवार को निर्माणाधीन पासु सब्जी मंडी का निरीक्षण भी किया। इसके साथ ही चरान खड्ड की सब्जी मंडी का भी निरीक्षण किया गया। डीसी डॉ. निपुण जिंदल ने कहा कि पासु सब्जी मंडी का निर्माण कार्य अगस्त माह में पूर्ण करने के कहा गया है ताकि किसानों को सब्जी मंडी का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी निर्मित होने से किसानों तथा आढ़तियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी में पेयजल, विद्युत की भी उपयुक्त व्यवस्था की जाए इसके साथ सब्जी मंडी की तरफ जाने वाले रास्ते को बेहतर बनाया जाए ताकि वाहनों की आवाजाही में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। इसी तरह से मिलवा अनाज मंडी के निर्माण कार्य को 31 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मिलवा अनाज मंडी का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर किसानों को अपने उत्पाद बेचने की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन दोनों ही कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध पूरा हो सके। उपायुक्त ने कहा कि सब्जी मंडी में खोखों के सामने रोड भी निर्मित किए जाएं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में किसानों को उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

कैप्टन संजय पराशर को राखी बांधकर की लंबी उम्र की दुआ

धर्मशाला। इस बार रक्षाबंधन के पर्व पर भद्रा योग बनने से उहोपोह की स्थिति बनी रही। ज्योतिषिविदों में इस पर्व को लेकर मतभेद होने के चलते यह त्योहार वीरवार और शुक्रवार को भी मनाया गया। बावजूद कैप्टन संजय पराशर के निवास स्थान स्वाणा में दोनों ही दिन बहनों का उन्हें अपार स्नेह मिला। जसवां-परागपुर क्षेत्र की हर पंचायत से बहनों ने अपने भाई कैप्टन संजय को कलाई को सुंदर व रंगबिरंगी राखियों से सजा दिया। जसवां-परागपुर के अलावा देहरा, चिंतपूर्णी, गगरेट और ज्वालाजी क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में बहनें भाई संजय पराशर से मिलने पहुंची हुई थीं। पराशर के निवास स्थान दोनों दिन रौनक लगी रही और 523 बहनों ने तिलक व राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की दुआ की। संजय पराशर ने बताया कि बहनों ने रक्षाबंधन के अवसर पर उन्हें जो स्नेह व प्यार दिया है, इसके लिए वह सदैव उनके आभारी रहेंगे और भाई-बहन का यह रिश्ता ताउम्र चलता रहेगा। स्वाणा में पहुंची बठरा नीतू कुमारी और स्नेहलता ने बताया कि संजय पराशर ने उनके बच्चों के लिए गांव में निःशुल्क कंप्यूटर व इंग्लिश लर्निंग सेंटर खोला है। गांव में ही दो मेडिकल कैंपों का आयोजन किया और पराशर क्षेत्र की जनता के हर सुख-दुख में खड़ा रहते हैं। कलोहा गांव की दुर्गेश ने पराशर को राखी बांधने के बाद बताया कि कैप्टन संजय ने जसवां-परागुर क्षेत्र में विजन के तहत समाज के हर वर्ग की मदद करने का प्रयास किया है। मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए पराशर स्कॉलरशिप प्रदान कर रहे हैं तो क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए भी उन्होंने रोजगार के साधनों का सृजन करके बेरोजगारी पर कड़ा प्रहार किया है।

गुरु रविदास महासभा फतेहपुर का चुनाव आज

फतेहपुर। विधानसभा फतेहपुर के गुरु रविदास महासभा का चुनाव 13 अगस्त को सुबह दस बजे रविदास मंदिर फतेहपुर के प्रागण में होगा। महासभा के मुख्य सलाहकार रतन चंद नरयाल ने बताया कि समस्त कमिटी का समयकाल 20 जुलाई को खत्म हो चुका है व प्रस्ताव डालकर कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। अब नई कार्यकारिणी का चुनाव 13 अगस्त को होगा। फतेहपुर विधानसभा के अंतर्गत आते अनुसूचित जाति के समस्त समाज को इस चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

धर्मशाला में विस अध्यक्ष स्वतंत्रता दिवस पर करेंगे ध्वजारोहणः डीसी

धर्मशाला। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। इसमें विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा परेड के लिए अभ्यास भी आरंभ किया गया है ताकि जिला स्तरीय समारोह को गरिमामयी तरीके से आयोजित किया जा सके।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश

सीआईएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन/फैक्सः** 01975-272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइटः www.inoxwind.com

30 जून 2022 को समाप्त तिमाही हेतु समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	30.06.2022 को समाप्त तिमाही	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	30.06.2021 को समाप्त तिमाही
1.	प्रचालनों से कुल आय	21,062	62,462	16,936
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(13,379)	(60,021)	(8,049)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(12,979)	(42,980)	(5,254)
4.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल]	(12,988)	(42,928)	(5,240)
5.	संचित पुनर्मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त		1,60,658	
6.	प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रति अंश)	27,728	22,192	22,192
7.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर–वार्षिकृत)			
	मूलभूत (रु. में)	(4.68)	19.37)	(2.37)
	तरल (रु. में)	(4.68)	19.37)	(2.37)

टिप्पणीयाँ:

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा 12 अगस्त 2022 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है : (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	30.06.2022 को समाप्त तिमाही	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	30.06.2021 को समाप्त तिमाही
1.	प्रचालनों से कुल आय	17,277	51,824	12,230
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(10,077)	(42,308)	(5,310)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(10,077)	(27,364)	3,456)

निदेशक मंडल की ओर से
कृते **आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ताक्षर/–
देवांश जैन
निदेशक

स्थानः नोएडा
तिथिः 12 अगस्त 2022

सत्यमेव जयते

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए उच्च श्रेणी शिक्षा हेतु केंद्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वर्ष 2022–23 के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

पात्रता :

- मेधावी अनुसूचित जाति के छात्र।
- पारिवारिक आय 8 लाख रूपय/प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- यह लाभ एक परिवार के केवल दो बच्चों के लिए उपलब्ध है।

आज ही आवेदन करें

पोर्टल खुलने की तारीख - **20.07.2022**
पोर्टल के बंद होने की तारीख - **31.10.2022**
योजना के दिशानिर्देशों एवं आवेदन जमा करने के लिए कृपया राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल देखें।
http://scholarships.gov.in

CBC 38101/11/0024/2223

उदघोषणा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की हि.प्र. पटा अधिनियम 2013 के नियम 11 के अंतर्गत बस अड्डा जंजैहली के लिए महाल बुंग /433 किता 2 रकबा तदादी 7–12–13 बीघा (0.6176) हेक्टर वन भूमि पटा पर लेने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रस्तावित भूमि का विस्तृत विवरण नीचे तालिका में दिया गया है। यदि उक्त प्रयोजन हेतु प्रस्तावित भूमि के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का दावा या एतराज हो कोई भी व्यक्ति उक्त प्रयोजन के लिए उपयुक्त निजी भूमि पहले से उपलब्ध कराने का प्रस्ताव देना चाहता है, तो वह इस सम्बन्ध में अपना दावा /एतराज/प्रस्ताव इस उद्घोषणा के प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर तहसीलदार थुनाग के कार्यालय में कर सकता है।

क्रमांक	महाल/ह. नं.	खाता खतौनी नंबर	नंबर खसरा	रकबा	किस्म
1.	बुंग/433	237/366	1560/244/1	7–2–11	चरागाह द्रख्तान
2.	बुंग/433	237/366	1560/244/2	0–10–2	चरागाह द्रख्तान

1. तहसीलदार थुनाग को इस आशय से प्रेषित है की वे उद्घोषणा की प्रति प्रत्येक महाल में आवेदित भूमि के आसपास किसी सहज दृश्य स्थान पर चिपकाए तथा हि.प्र. पटा अधिनियम, 2013 के नियम 11 (2) (ग) (1) की अनुपालना में अधिकार धारकों के कथन अभिलिखित हैं तथा आक्षेप यदि कोई हो तो सहित टिपण्णी अवं रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी की एक माह के अन्दर प्रेषित करें।
2. सामान्य नोटिस बोर्ड कार्यालय, उप मंडलाधिकारी (ना) थुनाग जिला मण्डी (हि.प्र.)
3. सामान्य नोटिस बोर्ड कार्यालय, तहसील थुनाग जिला मण्डी।

उप मण्डलाधिकारी (ना.), थुनाग, जिला मण्डी (हि.प्र.)।

उदघोषणा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हि.प्र. पटा अधिनियम 2013 के नियम 11 के अंतर्गत बस अड्डा थुनाग के लिए महाल थुनाग /478 किता 2 रकबा तदादी 1–7–14 बीघा, व डी.पी.एफ. दाडीधार /481 किता 1 रकबा तदादी 2–11–17 बीघा तथा कुल किता 3, रकबा तदादी 3–19–11, बीघा (0.3219) हेक्टर वन भूमि पटा पर लेने हेतु आवेदन किया गया